दिन– रविवार | दिनांक– 22 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में मतदाता सूची के संशोधन के दौरान घर–घर जाकर जांच करने पर विचार कर रहा है।

02. सीतामढ़ी में अयोध्या के तर्ज पर माता सीता का भव्य मंदिर बनाया जायेगा। राज्य सरकार ने डिजाईन को दी मंजूरी।

03. राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी 24 जून को सीतामढ़ी और 25 जून को मोतिहारी में आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन सुनवाई करेंगी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटो के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा की आशंका जताई।

---

निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के संशोधन के दौरान घर–घर जाकर जांच करने पर विचार कर रहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि पिछले कुछ समय से विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और एजेंसियों द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने को लेकर लगातार चिंताएं जताई जाती रही हैं। इसे देखते हुए अगले सुधार के तौर पर यह कदम उठाया जायेगा। इससे मतदाता सूची को पूरी तरह सही और दोषरहित बनाने में मदद मिलेगी। इस तरह की गहन जांच पहले भी की जा चुकी है। पिछली बार यह कार्य वर्ष 2004 में किया गया था।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि एनडीए अगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा और फिर से सत्ता में वापसी करेगा।

———बाइट———

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने दावा किया है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए बड़ी जीत हासिल करेगा।

———बाइट———

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद अपने दल के सांगठनिक चुनाव के तहत कल अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। चुनाव के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी चित्तरंजन गगन ने बताया कि राजद के सांगठनिक सत्र दो हजार पच्चीस–अट्ठाईस के लिए सांगठनिक चुनाव का अंतिम चरण शुरू हो चुका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नामांकन–पूर्व की सारी प्रक्रियाएं पुरी हो चुकी है। पटना स्थित राजद के केन्द्रीय कैम्प कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ रामचन्द्र पूर्वे के समक्ष कल सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा। चौबीस जून को नामांकन पत्र की जांच की जाएगी। इसी दिन दोपहर एक बजे से अपराह्न तीन बजे तक नामांकन वापसी का समय निर्धारित है। अपराह्न चार बजे प्रत्याशियों के नाम प्रकाशित कर दिया जाएगा।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य के युवाओं को रोजगार के लिए पलायन की आवश्यकता नहीं होगी। पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में पार्टी के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन ओर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में बड़े स्तर पर नियुक्तिया दी गई हैं। श्री चौधरी ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी नियुक्तिया निकाली जायेगी। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने महागठबंधन के दलों पर राज्य के विकास को रोकने की साजिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजद सरकार के पन्द्रह साल के दौरान बिहार से लोग पलायन को मजबूर थे।

———बाइट———

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में बनने वाले माता सीता के भव्य मंदिर का डिजाईन तैयार कर लिया गया है। राज्य सरकार ने इसके लिए प्रयास तेज कर दियें है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में माता सीता की जन्मस्थली

पुनौरा धाम मंदिर और इससे जुडे अन्य संरचनाओं के डिजाईन तैयार होने की जानकारी साझा की है। श्री कुमार ने पोस्ट में कहा है कि माँ जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण बिहारवासियों के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट का गठन कर दिया गया है। गौरलतब है कि पिछले वर्ष नवंबर में राज्य कैबिनेट ने पुनौरा धाम मंदिर के आस–पास पर्यटकीय विकास और आधारभूत संरचना निर्माण के लिए पचास एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण की प्रशासनिक स्वीकृति दी थी।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि माता जानकी का मंदिर अयोध्या के तर्ज पर बनाया जायेगा।

———बाइट———

---

पटना के कच्ची दरगाह और वैशाली के बिदुपुर के बीच नवनिर्मित सिक्स लेन गंगा पुल का लोकार्पण कल किया जायेगा। यह पुल उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाला प्रमुख पुल होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल इसका लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री ने आज सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। इस पुल पर आवागमन शुरू हो जाने से पटना से राघोपुर आने जाने में भी काफी सुविधा होगी। पहले लोगों को पीपापुल से आना–जाना पड़ता था।

---

राष्ट्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में देश उल्लेखनीय  बदलाव से गुजरा है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम भारत की ऊर्जा क्रांति की बात कर रहे हैं – जो साहसिक सुधारों, रिकॉर्ड क्षमता वृद्धि और स्वच्छ, विश्वसनीय और समावेशी ऊर्जा के लिए एक मजबूत प्रयास का एक दशक है।

———बाइट———

पिछले एक दशक में, भारत के ऊर्जा क्षेत्र मे मजबूत वृद्धि हुई है। जून 2025 तक, देश की कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 476 गीगावाट तक पहुँच गई है, जिसमें आधे से अधिक ऊर्जा गैर–जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आ रही है। सिर्फ नवीकरणीय ऊर्जा से ही 226 गीगावाट की क्षमता प्राप्त हुई है जिससे भारत अब सौर ऊर्जा में दुनिया में तीसरे और पवन ऊर्जा में चौथे स्थान पर है। अप्रैल 2018 तक भारत के 100 प्रतिशत गाँवों का विद्युतीकरण हो गया था और तब से 2 दशमलव 8 करोड़ से अधिक घरों को ग्रिड से जोड़ा गया है। बिजली की कमी 2014 में 4 प्रतिशत से घटकर अब सिर्फ शून्य दशमलव एक प्रतिशत रह गई है, जबकि प्रति व्यक्ति बिजली खपत में 45 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। पीएम–सूर्य घर योजना देश भर में घरों को रोशन कर रही है, वहीं पीएम–कुसुम योजना किसानों को सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई प्रणाली प्रदान कर रही है। पवन ऊर्जा क्षेत्र में क्षमता दोगुनी हो गई है और जलविद्युत, बायोमास और परमाणु ऊर्जा में भी स्थिर वृद्धि जारी है। इसी बीच, भारत का कोयला क्षेत्र आत्मनिर्भरता और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक किया गया है जिसके चलते रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और आयात पर निर्भरता में महत्वपूर्ण कमी भी आई है। राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से लेकर अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन तक, भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि एक स्वच्छ भविष्य की ओर भी बढ़ रहा है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ अक्षित वेद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राज्य सरकार ने कहा है कि जीविका परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों को तीन लाख रूपये से ज्यादा के बैंक ऋण पर अब सिर्फ सात प्रतिशत ब्याज देना होगा। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी है। अभी ब्याज की यह दर दस प्रतिशत है। श्री कुमार ने महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान महिला कल्याण से जुड़ी चार अन्य घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियों के विवाह कार्यक्रम आयोजन में सुविधा के लिए हर पंचायत में विवाह भवन बनाया जायेगा, जिसका संचालन जीविका दीदी करेंगी। इसके साथ ही जीविका से जुड़े सभी कर्मियों का मानदेय दोगुना करने, प्रखंड स्तर पर सरकारी संस्थानों में दीदी की रसोई का संचालन का अधिकार जीविका दीदियों को देने का निर्णय किया गया है। वहीं, जाति गणना में चिन्हित चौरानवे लाख गरीब परिवारों को दो–दो लाख रूपये दिए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक लाख रूपये की राशि सीधे इन लाभार्थियों को दी जायेगी।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जीविका दीदियों के लिए की गई पहल का स्वागत किया है।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने बढ़ती घरेलू हिंसा और बढ़ते साइबर अपराध पर गहरी चिंता व्यक्त की है। बिहार के तीन दिवसीय दौरे के दौरान पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आयोग इन मामलों के

निष्पादन के लिए तेजी से प्रयास कर रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी 24 जून को सीतामढ़ी और 25 जून को मोतिहारी में आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन सुनवाई करेंगी। इस दौरान महिलाओं के लिए बने वन स्टाप सेंटर और हेल्थ सेंटर का भी जायजा लेंगी। इसके अलावा जेलों में बद महिला बंदियों को मिल रही सुविधाओं का भी जायजा लिया जायेगा।

---

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य की विभिन्न नदियों में जमा गाद हटाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई गई है। इससे बाढ़ की समस्या से निपटने में मदद मिलेगी। श्री चौधरी ने आज समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय में बलान और जमुआरी नदी में उड़ाही कार्य का शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे जल जमाव और बाढ़ से मुक्ति मिलेगी।

---

दक्षिण–पश्चिम मानसून के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शिवहर, अररिया, पूणियां, किशनगंज, कटिहार समेत कई जिलों में भारी वर्षा दर्ज की गई है। शिव हर में सबसे अधिक एक सौ बत्तीस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा की आशंका है।

---

केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी कल खगड़िया जिले के पसराहा में पचास हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले नवनिर्मित साइलो गोदाम का उद्घाटन करेंगे। इस गोदाम के चालू हो जाने से स्थानीय किसानों को अपने कृषि उत्पादों के भंडारण में सहायता मिलेगी। साथ ही व्यवसायियों को भी काफी लाभ होगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, स्थानीय सासंद राजेश वर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

---

अररिया जिले के कुआरी थाना क्षेत्र के लेलोखर में पुलिस और कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में खाद बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि बरामद खाद तस्करी कर नेपाल ले जाया जा रहा था।

---

बगहा की विशेष अदालत ने राज्य में लागू शराबबंदी कानून के तहत शराब की तस्कारी मामले में दोषी को पांच साल कारावास और एक लाख रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

---

01. निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में मतदाता सूची के संशोधन के दौरान घर–घर जाकर जांच करने पर विचार कर रहा है।
02. सीतामढ़ी में अयोध्या के तर्ज पर माता सीता का भव्य मंदिर बनाया जायेगा। राज्य सरकार ने डिजाईन को दी मंजूरी।
03. राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी 24 जून को सीतामढ़ी और 25 जून को मोतिहारी में आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन सुनवाई करेंगी।
04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटा पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा की आशंका जताई।

---

समाप्त